(*i*) **Printed Pages : 4** **Roll No. ................................**

(ii) **Questions : 8**

**Sub. Code : 0 2 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 3**

**B.A./B.Sc. (General) 3rd Semester**

**(1129)**

**HINDI**

**Paper–Elective**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

**नोट :—सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :—

(i) हम कौन थे, क्या हो गये हैं, जान लो इसका पता,
जो थे कभी गुरू है, न उनमें शिष्य की भी योग्यता।
जो थे सभी से अग्रगामी, आज पीछे भी नहीं,
है दीखती संसार में विपरीतता ऐसी कहीं ?

(ii) कौन प्रकृति के करुण काव्य सा,
वक्ष पत्र की मधु छाया में
लिखा हुआ सा अचल पड़ा है,
अमृत सदृश नश्वर काया में।

(iii) माँ कहती थी उसको रानी
आदर से, जैसा था नाम
लेकिन था उल्टा ही रूप
चेचक-मुँह दाग, काली, नक-चिपटी
गंजा सर, एक आंख कानी।

(iv) नील निरभ्र गगन पर
चित्रित-से दो तरुवर
आंखों को लगते हैं सुन्दर
मन को सुखकर। 5+5=10

(ख) मैथिलीशरण गुप्त का साहित्यिक परिचय दें।

अथवा

सुमित्रा नन्दन पन्त की कविता वाचाल का सार दें। 8

2. (क) निम्नांकित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :—

(i) जिसके भय से भुवन चौदहों कांप रहे
सुर भी जिसके आज्ञाकारी हों।
मेंह बरसे नहीं बिना उसके कहे
आप देवराज और एक नर से डरे।
इन्द्र का छीने सिंहासन एक हरिश्चन्द्र क्या
ऐसी माया रचूं सत्य से वह डिगे :
और उसका ईमान दर-दर बिके।

अथवा

(ii) मैंने तुझे छोड़ा नहीं, तूने मुझे है तज दिया
मालूम नहीं किस जन्म का बदला है बन बेटा लिया।
रानी शैव्या के रुदन को जब हरिश्चन्द्र ने सुना
पहचान सुत की लाश को भूपति का भी धीरज छूटा।
उस वक्त श्री हरिश्चन्द्र के आंसू भी आये हैं निकल
लेकिन समझ कर्तव्य अपना नृप गये फौरन सम्भल। 5

(ख) 'एक सत्य हरिश्चन्द्र' की मूल समस्या सम्बन्धी विचार प्रतिपादन कीजिए।

अथवा

'एक सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक के नामकरण की सार्थकता सिद्ध कीजिए। 8

3. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दें (प्रत्येक उत्तर के लिए शब्द सीमा है **50** शब्द) :—

(1) उद्‌बोधन कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।

(2) मुक्ति कविता का प्रतिपाद्य बताएं।

(3) 'वाचाल' शीर्षक कविता में निहित व्यंग्य पर प्रकाश डालें।

(4) सत्य के बारे में जीतन की विचारधारा लक्षित कीजिए।

(5) रोहित का तर्क सुनने के बाद विश्वामित्र ने क्या कहा ?

(6) नाटक में छैला शैव्या को मायाविनी क्यों कहता है ? 3×3=9

4. रीतिकाल के नामकरण सम्बन्धी मतभेदों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

रीतिमुक्त काव्य की प्रमुख विशेषताएं लक्षित कीजिए। 8

5. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दें :—

(i) सुमित्रा माता को श्रीराम ने क्या उत्तर दिया।

(ii) विषाद कविता के प्रतीक को स्पष्ट कीजिए ?

(iii) श्रद्धा कविता किस महाकाव्य से उद्‌धृत है ?

(iv) मुक्ति कविता में कवि क्या कहना चाहता है ?

(v) जीवन-यान कविता किस रचना से उद्‌धृत है।

(vi) नारद के अनुसार काशी किसका राज्य है ?

(vii) शैव्या को किसके साथ भेज दिया गया ?

(viii) बाज़ार में रूपा किस लिये आयी थी ?

(ix) देवधर ने राजनीति को क्या कहा है ?

(x) छैला किसकी हत्या कर देता है ?

(xi) रीतिकाल को शृंगार काल की संज्ञा किसने दी ?

(xii) केशव की दो रचनाओं के नाम लिखें।

(xiii) किन्हीं दो रीतिसिद्ध कवियों के नाम लिखें।

(xiv) बिहारी सतसई का मुख्य रस बताएं।

(xv) रीतिकाल की समयावधि बताएं। 10×1=10

6. नाटक की परिभाषा विभिन्न विद्वानों के विचारों का विश्लेषण करते हुए दें।

**अथवा**

नाटक के प्रमुख तत्त्वों का विवेचन कीजिए। 7

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें :—

(क) इनमें से किन्हीं **तीन** समाकृति भिन्नार्थक शब्द युग्मों का अन्तर स्पष्ट कीजिए :—

इन्दु—इन्द्र, कौर—कोर, भाग्य—भाग, अन्न—अन्य।

(ख) व्यंजन सन्धि किसे कहते हैं ? इसके भेदों के नाम बताएं।

(ग) किन्हीं **तीन** शब्दों के सन्धि-विच्छेद कीजिए :—

एकैक, रत्नाकर, संयोग, अन्वय।

(घ) किन्हीं **तीन** वाक्यों को शुद्ध कीजिए :—

(i) उपरोक्त वाक्य का अर्थ बताएं।

(ii) सद्व्यवहार सज्जनों का प्रमुख चिह्न है।

(iii) उसने हस्ताक्षर कर दिया।

(iv) रोगी की दशा गम्भीर है।

(ङ) विराम चिह्न लगाएं :—

ओह आज मैं भ्रान्ति और आत्मसंतोष की नींद से जागा हूँ तो सबकुछ याद आने लगा है। जैसे सबकुछ सामने ही है।

$3 \times 5 = 15$

8. निम्नांकित में से **दस** शब्दों का हिन्दी तकनीकी शब्दावली बताएं :—

Acceptance, Admissible, Cabinet, Circular, Decorum, Dispach, Enquiry, Index, Ledger, Major, Negotiation, Public, Senior, Transfer Warrant. 10